68वाँ अखिल भारतीय कालिदास समारोह, 2026

अखिल भारतीय नृत्य–नाटिका प्रतियोगिता

दिनांकः 26 नवम्बर 2026

प्रतियोगिता नियमावली

1. प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले दलो द्वारा दी जाने वाली नृत्य–नाटिका की प्रस्तुति का विषय कालिदास के साहित्य पर आधारित रहेगा।
2. प्रस्तुति देने वाले दल रिकार्डेट प्रस्तुति करते है तो अधिकतम कलाकारों की संख्या 12 एवं न्यूनतम 8 रहेगी। संगतकारों के साथ प्रस्तुति करने पर अधिकतम 16 सदस्य रहेगे।
3. सभी प्रस्तुतियाँ शास्त्रीय शैली में ही मान्य रहेगी। (कथक, भरतनाट्यम्, कथकली, कुचीपुडी, मणीपुरी, मोहिनीअट्टम, ओडिसी, छाऊ तथा सत्रिया)
4. नृत्य–नाटिका में सभी भारतीय भाषाओं का समावेश रहेगा।
5. प्रतियोगिता निःशुल्क रहेगी एवं प्रतियोगिता में शामिल होने वाले किसी भी दल को मानदेय, मार्गव्यय एवं स्थानिय आतिथ्य आदि का किसी भी प्रकार का भुगतान नहीं किया जायेगा।
6. प्रतियोगिता में सम्मिलित होने वाले दल के प्रत्येक कलाकार को अकादमी की ओर से सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किये जायेगे।
7. प्रतियोगिता का निर्णय निम्न बिन्दुओं पर आधारित रहेगा। (विषय–वस्तु, वेशभूषा, ताल–लय, भावपक्ष, आपसी सामंजस्य, समग्र प्रभाव)
8. निर्णायकों का निर्णय अंतिम रहेगा। इसमें किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जायेगा।
9. नृत्य–नाटिका में सम्मिलित होने वाले सदस्यों की आयु 16 वर्ष से अधिक होना चाहिये।
10. प्रस्तुति का समय अधिकतम 15 मिनट रहेगा।
11. प्रस्तुति में पुरस्कृत कला दल को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार प्रदान किये जायेगे।
12. प्रविष्टि प्रेषित करने की अंतिम तिथि 20 नवम्बर 2026 रहेगी। अंतिम तिथि के पश्चात प्रेषित प्रविष्टि प्रतियोगिता हेतु मान्य नही होगी।
13. प्रविष्टियाँ मात्र अकादमी को मेल आई डी kalidasaakademi@gmail.com पर ही स्वीकार की जाएगी।
14. पर्याप्त संख्या में प्रविष्टियाँ प्राप्त न होने पर प्रतियोगिता निरस्त करने/स्थगित करने का अधिकार अकादमी का है।
15. पुरस्कारों की संख्या कम/अधिक करने का अधिकार अकादमी को रहेगा।

निदेशक
कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन

निदेशक
कालिदास संस्कृत अकादमी
म.प्र. संस्कृति परिषद, उज्जैन

68वाँ अखिल भारतीय कालिदास समारोह, 2026

अखिल भारतीय नृत्य–नाटिका प्रतियोगिता

दिनांकः 26 नवम्बर 2026

68वाँ अखिल भारतीय कालिदास समारोह के अवसर पर अ.भा. नृत्य–नाटिका का आयोजन उज्जैन में दिनांक 26 नवम्बर 2026 को किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए आवश्यक नियमावली अकादमी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रतियोगिता में विजेता दल को प्रथम पुरस्कार 5 लाख, द्वितीय पुरस्कार 3 लाख एवं तृतीय पुरस्कार 1 लाख प्रदान किये जावेगें। प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण–पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए अकादमी की मेल आई डी kalidasaakademi@gmail.com पर प्रतिष्टियाँ 20 नवम्बर 2026 सायं काल 5:00 बजे तक ही मान्य की जायेगी। निर्धारित तिथि तथा समय के पश्चात प्रेषित की जाने वाली प्रविष्टि को प्रतियोगिता में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जायेगी। निर्णायकों का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

निदेशक,
कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन

कालिदास संस्कृत अकादमी
म.प्र. संस्कृति परिषद, उज्जैन